# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, हाथरस।

पत्रांकः के0जी0बी0वी0 / 588-99 / 2026–27 दिनांक– 09.4.2026

## विज्ञप्ति

शासनादेश संख्या–I / 570148 / 2024 File No.68-5099/23/2024-5 () दिनांकः–28.05.2024 के क्रम में जिलाधिकारी महोदय की अनुमति दिनांक 25.03.2026 के अनुपालन में जनपद हाथरस में संचालित के0जी0बी0वी0 हसायन (कक्षा 06 से 08) के परिसर से दूर स्थित नये एकेडमिक ब्लॉक / छात्रावास एवं के0जी0बी0वी0 सादाबाद एवं टुकसान (कक्षा 06 से 08) के परिसर में नये उच्चीकृत छात्रावास के संचालन हेतु सेवा अनुबन्ध के आधार पर नियत मानदेय पर निम्नलिखित पदों पर महिला अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। नियत मानेदय पर कार्य करने के इच्छुक महिला अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है, जो केवल पंजीकृत डाक से कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, हाथरस में दिनांक 22.04.2026 की सायं 05:00 बजे तक प्राप्त किये जायेगें। अन्तिम तिथि के पश्चात् अथवा साधारण डाक से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। रिक्त पदों का विवरण एवं योग्यता निम्नवत् है–

| क्र0 सं0 | पदनाम | निर्धारित शैक्षिक योग्यता | वरीयमान अर्हता | आरक्षण / संवर्गवार रिक्त पदों का विवरण | | | | | मानदेय (रू0) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनु0 जाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनारक्षित | EWS | कुल | |
| 1 | प्रधानाचार्य | (1) प्रशिक्षित एम०ए० (हिन्दी / अंग्रेजी) अथवा एम0एस0सी0 (भौतिक विज्ञान / रसायन विज्ञान / जन्तुविज्ञान / वनस्पति विज्ञान गणित / कम्प्यूटर साइंस) किसी विश्वविद्यालय या संस्था या ऐसे विश्वविद्यालय या संस्था से सम्बद्ध किसी मान्यता प्राप्त संस्था की या अन्य राज्यों की परिषदों से सम्बद्ध किसी संस्था की या इसी प्रकार की संस्थाओं की, जिसकी परीक्षाएं परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त हैं, कक्षा 9 से 12 तक में कम से कम चार वर्ष का शिक्षण अनुभव हो या विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त किसी जूनियर हाईस्कूल के प्रशिक्षण स्नातक प्रधानाध्यापक के रूप में कम से कम चार वर्ष का अनुभव हो, प्रतिबन्ध यह भी है कि वह 30 वर्ष से कम आयु की न हो।(2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था में इण्टरमीडिएट कक्षाओं में दस वर्ष का शिक्षण अनुभव के साथ–साथ प्रथम या द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि या पन्द्रह वर्ष के शिक्षण अनुभव के साथ तृतीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि या (3) विज्ञान में प्रशिक्षित स्नातकोत्तर डिप्लोमाधारी, प्रतिबन्ध यह है कि उसने यह डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रथम या द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण किया हो और किसी मान्यता प्राप्त संस्था में ऐसा डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने के पश्चात क्रमशः 15 या 20 वर्ष की प्रशंसनीय सेवा की हो। | — | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 30000 प्रति माह |
| 2 | पी०जी०टी० हिन्दी | 1–हिन्दी में एम०ए० तथा संस्कृत के साथ बी०ए० अथवा शास्त्री परीक्षा राजकीय संस्कृत कालेज, वाराणसी अब सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय, वाराणसी। | प्रशिक्षित | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 22000 प्रति माह |
| 3 | पी०जी०टी० अंग्रेजी | नियमानुसार स्थापित उत्तर प्रदेशीय अथवा किसी अन्य मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि (पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री) किसी ट्रेनिंग कालेज से एल०टी० डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एजुकेशन में डिग्री या डिप्लोमा रखने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी। | प्रशिक्षित | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 22000 प्रति माह |
| 4 | पी०जी०टी० गणित | 1– एम०ए० अथवा एम०एस०सी० गणित अथवा<br>2–गणित में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम सहित बी०ए० (आनर्स) अथवा बी०एस०सी० (आनर्स) | प्रशिक्षित | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 22000 प्रति माह |
| 5 | पी०जी०टी० जीव विज्ञान | 1–वनस्पति विज्ञान अथवा जन्तु विज्ञान में एम०एस०सी० अथवा<br>2–कृषि विषयक वनस्पति विज्ञान के साथ एम०एस०सी० बी०एस०सी० में जन्तु विज्ञान अथवा<br>3–कृषि विषयक जन्तु विज्ञान के साथ एम०एस०सी०. बी०एस०सी० में वनस्पति विज्ञान अथवा<br>4–यू०जी०सी० द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / डिग्री कालेज से एम०एस०सी० (लाइफ साइंस) अथवा<br>5– किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित जीव विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी०एस०सी० | प्रशिक्षित | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 22000 प्रति माह |
| 6 | पी०जी०टी० रसायन | 1–रसायन विज्ञान में एम०एससी० अथवा<br>2–रसायन विज्ञान में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के साथ बी०एस०सी० | प्रशिक्षित | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 22000 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | विज्ञान | (आनर्स) अथवा<br>3–यू०जी०सी० द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय/डिग्री कालेज से स्नातकोत्तर (बायोकेमिस्ट्री) अथवा<br>4–किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज से शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी०एस०सी० | | | | | | | प्रति माह |
| 7 | पी०जी०टी० भौतिक विज्ञान | 1–एम०एस०सी० (भौतिक शास्त्र) **अथवा**<br>2–किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित भौतिक विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी०एस०सी० | प्रशिक्षित | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 22000 प्रति माह |
| 8 | कम्प्यूटर विज्ञान | 1–एमटेक (कम्प्यूटर विज्ञान) **अथवा**<br>2–बी०ई०/बी०टेक (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से **अथवा**<br>3–एम०सी०ए० अथवा एम०एस०सी० (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा "बी" लेविल आफ डी०ओ०ई०ए०सी०सी० (डिपार्टमेन्ट आफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एक्रीडियेशन आफ कम्प्यूटर कोर्स) **अथवा**<br>4–स्नातकोत्तर डिग्री के साथ पी०जी० डिप्लोमा इन कम्प्यूटर ऐप्लीकेशन विज्ञान किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से **अथवा**<br>5–स्नातकोत्तर डिग्री के साथ बी०एस0सी० (कम्प्यूटर कोर्स कम्पोनेन्ट कनसेसटिंग ऑफ एट लिस्ट 1/3 ऑफ साइंस कोर्स किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से) **अथवा**<br>स्नातकोत्तर डिग्री के साथ ए–लेविल ऑफ डी०ओ०ई०ए०सी०सी० (डिपार्टमेन्ट आफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एक्रीडियेशन आफ कम्प्यूटर कोर्स) | प्रशिक्षित | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 22000 प्रति माह |
| 9 | लैब असिस्टेन्ट | हाईस्कूल विज्ञान वर्ग के साथ लैबोरेटरी तकनीक में डिप्लोमा **अथवा** मान्यता प्राप्त बोर्ड से इण्टरमीडिएट–विज्ञान वर्ग के साथ। | — | 1 | 1 | 1 | 0 | 3 | 7147 प्रति माह |
| 10 | कार्यालय अधीक्षक/लिपिक | 1–माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उ0प्र0 द्वारा आयोजित इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो।<br>2– माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उ0प्र0 के साथ–साथ केन्द्र अथवा किसी राज्य द्वारा स्थापित किसी संस्था/शिक्षा बोर्ड/परिषद् द्वारा संचालित हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट परीक्षा में पृथक विषय के रूप में कम्प्यूटर साइंस विषय को लिया गया हो।<br>**अथवा**<br>3–कम्प्यूटर संचालन डोएक/NIELIT द्वारा प्रदत्त CCC प्रमाण पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण पत्र अथवा कम्प्यूटर साइन्स में डिप्लोमा/डिग्री।<br>3–कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण गति न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट एवं कम्प्यूटर पर अंग्रेजी टंकण गति न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट। | — | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 12430 प्रति माह |
| 11 | स्टोर कीपर | इण्टरमीडिएट, एक वर्ष का कम्प्यूटर तथा टंकण गति हिन्दी 25 शब्द व अंग्रेजी 30 शब्द प्रति मिनट। | — | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | — |
| 12 | केयर टेकर | 1–यू०जी०सी० द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय/डिग्री कालेज से किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि।<br>2–शिक्षा में स्नातक (बी0एड0)। | — | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 24200 प्रति माह |
| 13 | चपरासी | कक्षा–8 उत्तीर्ण। | — | 1 | 1 | 1 | 0 | 3 | 7505 प्रति माह |
| 14 | चौकीदार | कक्षा–8 उत्तीर्ण। | — | 1 | 1 | 1 | 0 | 3 | 7505 प्रति माह |
| 15 | रसोइया | कक्षा–8 उत्तीर्ण। | — | 1 | 1 | 2 | 1 | 5 | 6755 प्रति माह |
| | | कुल योग | | 6 | 7 | 10 | 2 | 25 | |

**आवश्यक नियम व शर्तें–**

1. प्रधानाचार्या के लिये न्यूनतम आयु 01.04.2026 को 30 वर्ष तथा अधिकतम आयु 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये।
2. शेष पदों के लिये न्यूनतम आयु 01.04.2026 को 25 वर्ष तथा अधिकतम आयु 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये।

प्रधानाचार्या जिस विषय की अर्हता (क्रम संख्या–2 से 8 तक) रखती होगी, उस विषय की पृथक से शिक्षिका की नियुक्ति नहीं की जायेगी तथा सम्बन्धित विषय का पद स्वतः निरस्त हो जायेगा।

उपरोक्त समस्त पद 11 माह 29 दिन/शैक्षिक सत्र के लिये नियत वेतन पर आधारित होगें तथा कार्य संतोषजनक होने की दशा में जनपद स्तरीय समिति के अनुमोदनोंपरान्त कार्यकाल में वृद्वि की जा सकती है।

5. राज्य सरकार के प्राविधानों के अनुसार आरक्षण देय होगा।
6. उक्त पदों पर चयन विशेष अनुज्ञा याचिका सं0–13553/2022 स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर बनाम अन्य में मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित अन्तिम आदेश के अधीन होगी।
7. रिक्त पदों की संख्या घट बढ़ सकती है अथवा किसी भी पद या विज्ञप्ति को निरस्त करने का अन्तिम अधिकार जनपदीय चयन समिति का होगा।
8. अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ नवीनतम पासपोर्ट की 02 फोटोग्राफ, स्वप्रमाणित किये गये समस्त शैक्षिक अंक पत्रों, प्रमाण पत्रों एवं जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति तथा 02 लिफाफे पत्राचार का पता लिखे हुए जिस पर रु 42/– का डाक टिकट लगा हो (संलग्न करें)।
9. एक लिफाफे में केवल एक ही आवेदन पत्र स्वीकार किया जायेगा। एक लिफाफे में एक से अधिक आवेदन पत्र भेजने पर सभी आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे। लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम विषय एवं आरक्षण कोटि स्पष्ट रूप से अंकित किया जाये।
10. गुणांकों के आंगणन हेतु अंक पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। संलग्न न होने की दशा में आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित अभ्यर्थी का होगा।
11. केयरटेकर, चपरासी, चौकीदार एवं रसोइया के पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का पद पूर्णकालिक होगा। अभ्यर्थी शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिये और उसे विद्यालय में रात्रि निवास करना अनिवार्य होगा।
12. समस्त अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र पर अपना मोबाइल नम्बर अंकित करना अनिवार्य होगा। अंकित मोबाइल नम्बर पर ही काउन्सिलिंग/अभिलेख जॉच परीक्षण आदि की सूचना दी जायेगी।
13. रिश्वत देना/माँगना एक दंडनीय अपराध है। यदि कोई भी व्यक्ति आपसे इस भर्ती से सम्बन्धित रिश्वत की मांग करता है, तो बिना किसी भय के तुरंत इस नंबर पर 9453004093 शिकायत दर्ज करें। आपकी शिकायत पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।"
14. विज्ञप्ति/आवेदन का प्रारूप बेबसाइट http://hathras.nic.in पर अपलोड है व क्यूआर कोड (QR Code) को स्कैन कर डाउनलाउ कर सकते है।

**(हेमन्त सेंगर)**
जिला समन्वयक बलिका शिक्षा
हाथरस।

**(स्वाती भारती)**
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
हाथरस।

**पृ0सं0 एवं दिनांकः** उक्तवत्।

**प्रतिलिपिः–** निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित–

1. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखन।
2. जिलाधिकारी महोदय, हाथरस।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, हाथरस।
4. कोषाधिकारी, जिला कोषागार, हाथरस।

5. प्राचार्य/उपशिक्षा निदेशक, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, हाथरस।
6. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक, बेसिक, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़।
7. जिला विद्यालय निरीक्षक, हाथरस।
8. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, हाथरस को विज्ञप्ति, नियत अर्हता, नियम शर्तों व आवेदन पत्र हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी में इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उक्त विज्ञप्ति, नियत अर्हता, नियम शर्तों व आवेदन पत्र को जनपद हाथरस की बेबसाइट http://hathras.nic.in पर अपलोड करने का कष्ट करें।
9. समस्त उपजिलाधिकारी, हाथरस/खण्ड विकास अधिकारी/खण्ड शिक्षा अधिकारी को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति, नियत नियत अर्हता, नियम शर्तों व आवेदन पत्र को अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
10. मा0 सम्पादक अमर उजाला/दैनिक जागरण को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में कम से कम स्थान में न्यूनतम सरकारी दरों पर प्रदेश संस्करण प्रकाशित कराते हुये बिल जिला सूचना अधिकारी, हाथरस से सत्यापित कराकर भुगतान हेतु 02 प्रतियों में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त कराने का कष्ट करें।
11. मा0 सम्पादक हिन्दुस्तान को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में कम से कम स्थान में न्यूनतम सरकारी दरों पर मण्डल संस्करण प्रकाशित कराते हुये बिल जिला सूचना अधिकारी, हाथरस से सत्यापित कराकर भुगतान हेतु 02 प्रतियों में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त कराने का कष्ट करें।
12. श्री अमित कुमार व श्री मोहित वर्मा, च0श्रे0कर्म0 को इस निर्देश के साथ कि उक्त विज्ञप्ति, नियत अर्हता, नियम शर्तों व आवेदन पत्र को कार्यालय कार्यालय जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी/जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, हाथरस के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराकर फोटो संकलित कर सम्बन्धित को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिला समन्वयक बलिका शिक्षा
हाथरस।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
हाथरस।

TQRCG